व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये शुरू होगा 'हब एंड स्पोक' मॉडल

चर्चा में क्यों?

10 सितंबर, 2023 को उत्तराखंड के उप राज्य परियोजना के निदेशक प्रद्युम्न रावत ने बताया कि प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये 47 स्कूलों में 'हब एंड स्पोक' मॉडल शुरू होगा, जिससे इन स्कूलों के छात्र-छात्राओं की व्यावसायिक विषयों की पढ़ाई की राह आसान होगी।

प्रमुख बिंदु

- परियोजना के निदेशक प्रद्युम्न रावत ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से इस योजना को मंजूरी दी गई है। इसी महीने से राज्य में यह मॉडल शुरू हो जाएगा।
- योजना के तहत जिन स्कूलों में प्रयोगशाला नहीं है, उन स्कूलों के छात्र-छात्राओं को सरकार प्रयोगशाला तक आने-जाने के लिये हर साल परिवहन के लिये तीन हज़ार रुपए देगी। जबकि व्यावसायिक प्रशिक्षकों को मानदेय के अलावा हर महीने छह हज़ार रुपए अतिरिक्त मिलेंगे।
- शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक प्रदेश में वर्तमान में दो सौ स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। इन स्कूलों से पाँच से सात किलोमीटर की दूरी के अन्य स्कूलों के छात्र-छात्राओं को भी अब व्यावसायिक शिक्षा का लाभ मिल सकेगा। इन स्कूलों में वोकेशनल ट्रेनर छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित करेंगे।
- इन सभी स्कूलों में टूरिज्म, एग्रीकल्चर, प्लंबर आदि विभिन्न आठ व्यावसायिक कोर्स चलाए जा रहे हैं।
- हब स्कूल ऐसे स्कूल हैं, जिनमें व्यावसायिक शिक्षा की प्रयोगशाला है। इन स्कूलों में वोकेशनल ट्रेनर भी हैं, जबकि स्पोक स्कूल, हब स्कूल के पाँच से सात किलोमीटर के दायरे में स्थित वे स्कूल हैं, जिनमें वोकेशनल ट्रेनर नहीं हैं, न ही व्यावसायिक शिक्षा की प्रयोगशाला है, इस योजना से इन स्कूलों को भी लाभ मिलेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/-hub-and-spoke-model-will-start-to-promote-professional-education